नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

**महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय**

**जंगल धूसड़, गोरखपुर**

7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक.............................. दिनांक : 22.02.2020

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड, गोरखपुर के **बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय** (20 फरवरी, 2020 से 24 फरवरी, 2020) कार्यक्रम स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के **तीसरे दिन** का प्रारम्भ क्रीड़ा मैदान में हुआ जहाँ सभी छात्राध्यापक अपनी–अपनी टोली के साथ लाइन अप हुए। इसके बाद प्रशिक्षु स्काउट प्रदीप शुक्ल जी ने ध्वजा रोहण किया।

यह अजब संजोग है कि आज स्काउट–गाइड के जन्मदाता बेवेल पावल और उनकी मैडम लेडिज बेवेल पावेल का भी जन्मदिन है। 22 फरवरी को क्रमशः विश्व स्काउट दिवस और चिन्तन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका आयोजन शिविर में भी किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त **अजय कुमार** ने बताया कि सन् 1920 में आयोजित प्रथम जम्बूरी में सर्वसम्मत से विश्व चीफ स्काउट–गाइड घोषित किया गया और इनके जन्मदिन को विश्व स्काउट दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया और लेडिज बेवेल पावेल को विश्व चीफ गाइड घोषित किया गया और इनके जन्मदिन को चिन्तन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। शिविर में चिन्तन दिवस को उत्साह से मनाया गया जिसमें सभी धर्म की प्रार्थना की गयी।

इसके बाद सत्र कार्य में प्रशिक्षुओं ने स्काउट–गाइड को पेट्रोल सिस्टम बताया जिसमें ये सिखाया गया कि टोली कैसे बनती है? और टोली कैसे कार्य करती है। इसके बाद छात्राध्यापकों ने सेवा कार्य किया जिसमें उन्होंने अपनी–अपनी टोली के साथ सफाई कार्य किया। शिविर के तीसरे दिन का अन्त ध्वज अवतरण से हुआ।

**(डॉ. राहुल मिश्रा)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी